# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

28 मई 2024, मंगलवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा ओडिशा के भद्रक, जाजपुर और जगतसिंहपुर में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**4 जून को नवीन बाबू मुख्यमंत्री से पूर्व मुख्यमंत्री बन जाएँगे**

********************

**कमल का बटन दबाइए, बाबुओं की जगह ओडिशा का जन सेवक यहाँ शासन करेगा**

********************

**25 साल बाद ओडिशा को ओडिया बोलने वाला मुख्यमंत्री भाजपा देगी**

********************

**नवीन बाबू की वजह से खनिज संपदा से समृद्ध ओडिशा के लोग गरीब रह गए हैं**

********************

**मोदी सरकार चावल वाली सरकार है, वहीँ नवीन सरकार झोले वाली सरकार है**

********************

**घुसपैठिए ओडिशा तक पहुँच गए हैं, लेकिन नवीन बाबू रोकने में सक्षम नहीं हैं**

********************

**चिट फंड के दोषियों को जेल में डालकर हम पाई-पाई गरीबों को वापस करेंगे**

********************

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज मंगलवार को ओडिशा के भद्रक, जाजपुर और जगतसिंहपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए बीजेडी सरकार पर श्री रत्न भंडार के संचालन में अपारदर्शिता, भ्रष्टाचार व केन्द्र की योजनाओं को प्रदेश में लागू न करने को लेकर जमकर प्रहार किया। कार्यक्रमों के दौरान ओडिशा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मनमोहन सामल, भाजपा नेता श्री कमल कांत, भद्रक लोकसभा से प्रत्याशी श्री अभिमन्यु सेठी, जाजपुर लोकसभा से प्रत्याशी श्री रवि नारायण बैरा एवं जगतसिंहपुर से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अनिता शुभदर्शिनी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

श्री शाह ने कहा कि **6 चरणों के मतदान समाप्त हो चुके हैं, पांच चरणों के मतदान में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 310 सीटें जीतकर भाजपा सरकार बना चुके हैं और छठे-सातवें में 400 पार कराना है।** साथ ही, ओडिशा में भी भाजपा सरकार बनानी है। **ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी 75 से ज्यादा सीटें जीतकर 'डबल इंजन' सरकार बनाने जा रही है।** 4 जून को चुनाव आएगा और नवीन बाबू अब मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे, बल्कि पूर्व सीएम' बन जाएंगे। **ओडिशा का नया मुख्यमंत्री ओडिया बोलने वाला युवा होगा और भगवान जगन्नाथ का भक्त होगा। 25 वर्षों के बाद ओडिशा को ओडिया बोलने-लिखने वाला मुख्यमंत्री मिलने वाला है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **यह चुनाव ओडिया अस्मिता, भाषा, गौरव और उत्कल प्रदेश के स्वाभिमान का चुनाव है। ओडिशा की जनता तमिल बाबू के शासन से त्रस्त हो चुकी है। भाजपा सरकार आने के बाद यहाँ एक जनसेवक शासन करेगा।** बीजेडी सरकार पिछले 25 वर्षों में राज्य के विकास के लिए कुछ नहीं कर पाई। **ओडिशा देश के समृद्ध प्रदेशों में से एक है, खनिज बाहुल्य क्षेत्र है, 12 माह जल प्रदान करने वाली नदियां हैं, लेकिन ओडिशा के लोग गरीब ही रह गए और इसके दोषी केवल नवीन पटनायक हैं।** समग्र ओडिशा से लाखों युवा अपने बूढ़े मां-बाप को छोड़कर देशभर में मजदूरी के लिए जाते हैं। **ओडिशा में भाजपा की सरकार बनने के बाद, ओडिशा में ही इंडस्ट्री लगाकर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे।**

श्री शाह ने कहा कि ओडिशा में खदानों के क्षेत्र में ढेरों अवसर हैं फिर भी प्रदेश के आदिवासी भूखे रह जाते हैं। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड के लिए पैसे भेजे, लेकिन ओडिशा के बाबू लोग ने सबकुछ दबा लिया। भाजपा यह सुनिश्चित करेगी कि जिस क्षेत्र में खदान है उसी क्षेत्र के आदिवासियों को डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड फायदा दिया जाए।** मोदी सरकार ने ओडिशा में कई जल निकायों को मंजूरी दी है, लेकिन कमीशन न मिलने के कारण तमिल बाबू ने इस कार्य को भी रोक दिया है। **ओडिशा में ब्लैकस्टॉर्म, रिजरवायर, सिंचाई और हर घर नल से जल योजना में भी घोटाला हुआ। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद घोटाले करने वाले सभी बाबू जेल की सलाखों के पीछे होंगे।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के अर्थतंत्र को विश्व में 11वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंचाने के कार्य किया। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत का अर्थतंत्र विश्व का तीसरा बड़ा अर्थतंत्र बन जाएगा। **राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद ओडिशा को नंबर 1 प्रदेश बनाने के लिए कार्य किया जाएगा।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 500 साल के बाद अयोध्या में राम मंदिर बनाया, पूरा देश और दुनिया राम उत्सव में मग्न था, लेकिन नवीन बाबू ओडिशा के लोगों को राम उत्सव में शामिल नहीं होने दिया। **नवीन बाबू की पार्टी ने भगवान जगन्नाथ के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया है। जगन्नाथ मंदिर के चारों दरवाजे नहीं खुल रहे हैं, जगन्नाथ मंदिर की परंपराओं के मुताबिक जगन्नाथ मंदिर में पूजा होनी चाहिए।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को जनता को जवाब देना होगा कि **भगवान जगन्नाथ के रत्न भंडार की चाबियां कहां हैं? रत्न भंडार की जांच आयोग की रिपार्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की गई? बीजेडी सरकार किसको बचाने का प्रयास कर रही है?** ओडिशा में भाजपा की सरकार बनने के बाद एक महीने के भीतर रत्न भंडार की जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाएगा। **कांग्रेस कहती है पाक अधिकृत कश्मीर की बात मत करिए, क्योंकि पकिस्तान के पास परमाणु बम है। राहुल गांधी और नवीन बाबू को डरना है तो डरे, भाजपा वाले किसी से नहीं डरते। पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और भारत उसे वापस लेकर रहेगा।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के 80 करोड़ से ज्यादा गरीबों को मुफ्त राशन दिया, करीब 12 करोड़ शौचालय बनवाए और गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर दिए, 10 करोड़ लोगों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया और 14 करोड़ लोगों के घरों तक नल से जल पहुंचाया। **मोदी सरकार 'चावल वाली सरकार' है, वहीं नवीन बाबू की सरकार ' केवल झोले वाली सरकार' है और नवीन बाबू को यह समझना होगा कि झोले से गरीब का पेट नहीं भरता है, बल्कि अनाज से भरता है।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी घर बनाकर देते हैं, लेकिन नवीन बाबू की सरकार उसका प्रचार बीजू आवास योजना के नाम से करती है।

श्री शाह ने कहा कि बीजद सरकार ने कभी केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई, आयुष्मान भारत योजना को ओडिशा में लागू नहीं होने दिया। 2019 से पहले ओडिशा के सिर्फ 3.5% घरों में पीने का पानी पहुंचा, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने घर-घर तक पानी पहुंचाने का संकल्प लिया और ओडिशा में भाजपा की सरकार बनने के 1 साल के भीतर शेष बचे घरों तक पानी पहुंचाया जाएगा। भाजपा सरकार बनने के बाद 4 महीने में भद्रक में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी और स्वायत्त महाविद्यालय को विश्वविद्यालय की उपाधि प्रदान की जाएगी। **युवा मुख्यमंत्री बनने के बाद 1 वर्ष के भीतर टेक्सटाइल पार्क स्थापित किया जाएगा और बाढ़ नियंत्रण मुद्दे का भी हल किया जाएगा। सालंदी नदी के पानी की दिशा बदलकर सिंचाई नहर की ओर किया जाएगा और बाढ़ के पानी को सिंचाई के लिए इस्तेमाल में लिया जाएगा।** ओडिशा में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में घुसपैठिया क्या, कोई परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भद्रक लोकसभा में 2 लाख 15 हजार घर बनाए, 1 लाख 53 हजार लोगों के घरों में बिजली पहुंचाई, 6 लाख 48 हजार शौचालय बनवाए, 6 लाख 90 हजार लोगों के घरों में पानी पहुंचाया, 3 लाख 48 हजार किसनों को किसान सम्मान निधि पहुंचाई और 7 लाख लोगों को प्रति माह 5 किलो चावल देने का काम किया। **राऊरकेला, संबलपुर, पारादीप और ढामरा में इन्डस्ट्रीअल कॉरिडर बनाया जाएगा, जिससे लगभग साढ़े तीन लाख से ज्यादा का रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। भुवनेश्वर-राऊरकेला-ब्रह्मपुर और बालेश्वर में "स्टेट ऑफ द आर्ट आईटी पार्क" बनाया जाएगा, 15 लाख गरीबों को घर और 26 लाख घरों को नल से जल दिया जाएगा।**

जगतसिंहपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि ओडिशा खनिज संपदा के मामले में सबसे समृद्ध राज्य है मगर ओडिशा के नागरिक देश में सबसे गरीब है। इसका कारण है कि **25 साल से नवीन बाबू ने ओडिशा की खनिज संपदा को बाबुओं के इशारे पर राज्य से बाहर भेजने का काम किया है। खदान मिलेगा तो तमिल को, कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा तो तमिल को, नौकरी मिलेगा तो तमिल को, अरे नवीन बाबू ऐसा ही था तो आपको तमिलनाडु से चुनाव लड़ना चाहिए था। ओडिशा से पलायन को केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही रोक सकते है।** नवीन बाबू की सरकार में ओडिशा के लोगों ने चिट फंड में बहुत बड़ी रकम गंवाई। भाजपा की सरकार बनने के सिर्फ 18 महीने में चिट फंड के गुनहगार सलाखों के पीछे होंगे। लोगों को उनकी मेहनत की कमाई वापस दी जाएगी। राज्य में भाजपा सरकार बनने पर किसान सहायता के लिए राज्य में 325 कोल्ड स्टोरेज बनाए जायेंगे। जमीन के पट्टे के मामले में भी नवीन बाबू कुछ नहीं किया है। भाजपा ने तय किया

है कि 1 साल के अंदर जमीन पट्टे के मुद्दे का समाधान किया जाएगा। कोणार्क मंदिर की सड़क को पर्यटन सड़क बनाकर देशभर के पर्यटन को यहां लाने का काम करेंगे। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने G20 में दुनिया भर के नेताओं का स्वागत किया और उस आयोजन में कोणार्क सूर्य मंदिर की फोटो लगाने का काम मोदी जी किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आजादी के बाद पहली बार ओडिशा परिवार की पहली राष्ट्रपति बनाने काम किया है। जगतसिंहपुर में नरेन्द्र मोदी जी ने पारादीप से हल्दिया तक 344 किलोमीटर तक लम्बी पाइप लाइन डाली, 1 लाख 35 हजार गरीबों के घर बनाये, 2 लाख 28 हजार गरीबों को बिजली की सुविधा दिए, 8 लाख 21 हजार घरों में शौचालय बने है।

श्री नड्डा ने कहा कि ओडिशा भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में वादा किया है कि **भाजपा सरकार बनने के 18 महीने के भीतर चिट फंड घोटाले में शामिल सभी लोगों को जेल भेजने का काम किया जाएगा और चिट फंड की पाई-पाई गरीबों को वापस लौटाई जाएगी। धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल खरीद कर 3 दिन में किसानों को उसका मूल्य पहुंचाया जाएगा, प्रत्येक महिला को सुभद्रा योजना के तहत 2 साल तक 50 हजार रुपए तक की खरीदी का वाउचर देंगे, 25 लाख ओडिया माताओं बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे, दिव्यंगजनों और वृद्धजनों को 3000 रुपए की पेंशन देंगे, प्रत्येक मछुआरे को 10 हजार रुपए वार्षिक भत्ता देंगे और 1.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की जाएगी।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ओडिशा के विकास के लिए 7 लाख करोड़ रुपए देने का काम किया है, लेकिन यह पैसा भी नवीन पटनायक की भ्रष्ट सरकार के भेंट चढ़ गया। ओडिशा ने अपने स्वाभिमान के लिए सम्राट अशोक के साथ युद्ध किया था, एक-एक ओडियावासी ने अपनी जान नौछावर कर दी, लेकिन झुके नहीं। श्री शाह ने जनता से ओडिशा के धरतीपुत्र को भाजपा का मुख्यमंत्री बनाने और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

**********************